25.03.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30
प्रादेशिक समाचार

○ प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन दाखिल करने में महज दो दिन का समय शेष–कांग्रेस ने चार और प्रत्याशियों की घोषणा की।
○ राज्य में आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन को लेकर सी–विजिल एप पर मिली 1700 शिकायतें–600 का हुआ निस्तारण।
○ प्रदेशभर में रंगो के त्यौहार होली का उल्लास–मन्दिरों में आयोजित हुए फूलडोल उत्सव।
○ प्रदेश में बढा गर्मी का असर–अधिकांश जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री के आसपास।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन की आखिरी तारीख में महज दो दिन का समय शेष है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। पहले चरण में जयपुर सहित 12 निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। अब तक सिर्फ 10 नामांकन पत्र ही भरे गये हैं। इनमें जयपुर में तीन, जयपुर ग्रामीण में दो, झुंझुनू, सीकर, बीकानेर, गंगानगर और दौसा लोकसभा क्षेत्र में एक–एक नामांकन पत्र भरा गया है। भाजपा और कांग्रेस पार्टी की ओर से किसी भी नेता ने अपना पर्चा दाखिल नहीं किया है। कल रविवार और आज धुलंडी की छुट्टी के बाद अब नामांकन भरने के लिए दो कार्य दिवसों का समय शेष है। ऐसे में अगले दो दिन में ही सभी उम्मीदवारों को अपने पर्चे दाखिल करने होगें। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने आज पांच और उम्मीदवारों के नामों के साथ छठी सूची जारी की। इनमें राजस्थान से पार्टी के चार प्रत्याशी शामिल हैं। पार्टी ने अजमेर से रामचन्द्र चौधरी, राजसमंद से सुदर्शन रावत, भीलवाडा से डॉ. दामोदर गुर्जर और कोटा से प्रहलाद गुजंल को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी ने कल देर शाम प्रदेश की सात और सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिय थे। इनमें श्रीगंगानगर से प्रियंका बालन, झुंझुनूं से शुभकरण चौधरी, अजमेर से भागीरथ चौधरी, जयपुर शहर से मंजू शर्मा, जयपुर ग्रामीण से राव राजेंद्र सिंह टोंक–सवाईमाधोपुर से सुखबीर सिंह जौनापुरिया और राजसमंद से महिमा विश्वेश्वर सिंह को मौका दिया गया है। इससे पहले भाजपा ने 15 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया था। इस तरह पार्टी, राज्य की 25 में से 22 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।
इस बीच कांग्रेस पार्टी ने जयपुर शहर सीट से अपने उम्मीदवार सुनील शर्मा को बदल कर उनकी जगह पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने प्रदेश में अब तक 21 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी ने सीकर लोकसभा सीट को सहयोगी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और नागौर सीट को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के लिए छोड़ दिया है। माकपा ने सीकर से अमराराम को और रालोपा ने नागौर से हनुमान बेनीवाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। गौरतलब है कि राज्य में दूसरे चरण में 13 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जायेगी। मतों की गिनती 4 जून को होगी।

000

चुनाव आयोग, आगामी चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने दलों और चुनाव कार्य में लगे विभागों से ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स का अधिकाधिक उपयोग करने को कहा है और डबल–साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

000

प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन पर निगरानी रखने के लिए निर्वाचन आयोग का सी–विजिल एप कारगर साबित हो रहा है। एप पर अब तक करीब 1700 शिकायतें दर्ज की गई हैं, इनमें से लगभग 600 का निस्तारण किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि एप के माध्यम से 19 मिनिट के औसत समय में शिकायतों का निस्तारण हो रहा है। राज्य में सबसे अधिक 265 शिकायतें टोंक जिले से प्राप्त हुई हैं। शिकायतों में अवैध पोस्टर और बैनरों की शिकायतें सबसे ज्यादा हैं। गौरतलब है कि सी–विजिल एप, आम नागरिक को आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन की सूचना निर्वाचन आयोग को देने का अधिकार देता है।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा।

................

होली का त्यौहार आज प्रदेशभर में उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। दिन उगने के साथ ही युवाओं और बच्चों की टोलियां घरों से बाहर निकल पड़ी और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। देर शाम तक गुलाल और अबीर से रंगे लोग एक दूसरे के साथ होली खेलते दिखाई दिये। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में भी पारम्परिक रूप से होली खेली गई। कई जगहों पर लोग फागुन के गीतों पर थिरकते नजर आए तो कई स्थानों पर पारंपरिक फाग उत्सव भी मनाया गया। मंदिरों में भी भगवान के साथ भक्तों ने फूलों और गुलाल से होली खेली। नाथद्वारा के श्रीनाथ जी मंदिर में फूलडोल उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

.............................

शाहपुरा जिला मुख्यालय स्थित रामस्नेही संप्रदाय की मुख्य पीठ रामनिवास धाम में होली दहन के साथ ही सालाना फूलडोल महोत्सव की शुरूआत हुई। 30 मार्च तक चलने वाले महोत्सव के पहले दिन आज शोभायात्रा निकाली गई। महोत्सव में भाग लेने बड़ी संख्या में रामस्नेही संप्रदाय से जुड़े भक्त पहुंचे हैं। चित्तौडगढ के सांवलिया जी मन्दिर में भी फूलडोल महोत्सव आयोजित किया गया। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि मदन मोहन जी मन्दिर में होली के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

......................

जयपुर के गोविन्द देव जी मन्दिर सहित सभी छोटे–बडे कृष्ण मन्दिरों में भी होली पर विशेष आयोजन रखे गये। प्रदेश के अलग–अलग अचंलों में होली की परंपराएं भी निभाई गई। डूंगरपुर में सुबह लोग होली के धधकते अंगारों पर चले और सुख–समृद्धि की कामना की। वहीं, बांसवाड़ा में जलती लकड़ियों से राड खेली गई। इसी तरह दौसा में फाग गीत गाकर परम्परा को निभाया गया। सरहदी जिले बाडमेर के सनावडा में गैर मेले का आयोजन किया गया। शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में होली पर ढफ चंग की थाप पर लोग मस्ती में चूर दिखाई दिये। कई जगह सामूहिक गींदड नृत्य और गैर के आयोजन रखे गये।

आमजन के साथ विदेशी सैलानी भी होली की मस्ती में सरोबार नजर आये। सवाई–माधोपुर के रणथंभौर रोड स्थित होटलों में देसी विदेशी सैलानियों ने होली के रंगों और नाच गाने का आनंद लिया। जयपुर और पुष्कर में पर्यटन विभाग की ओर होली महोत्सव रखा गया। हमारे अजमेर संवाददाता ने बताया कि पुष्कर में होली खेलने फ्रांस, इजराइल, स्पेन, और इटली, सहित कई देशों से बड़ी संख्या में पावणें पहुंचे।

.....................

होली पर हुड़दंगबाजी रोकने के लिए पुलिस के जवानों ने सुबह से ही सतर्कता बनाये रखी। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होली का पर्व मनाया।

इस दौरान श्री शर्मा के आम लोगों ने गुलाल लगाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्नी संग होली के लोक गीतों पर पांव भी थिरकाए। राज्य सरकार के कई मंत्रियों और विधायकों ने भी समर्थकों के साथ होली खेली।

000

मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मन्दिर के गर्भ गृह में आज सुबह आग लग गई। यह दुर्घटना भस्म आरती के दौरान हुई। हादसे में मन्दिर के पुजारी सहित 14 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इन्दौर और उज्जैन के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए सभी श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

000

मार्च महीने के उतार के साथ ही प्रदेश में गर्मी का असर बढाने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकांश जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री के आसपास बना रहा। विभाग ने 27 मार्च से बीकानेर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश की उम्मीद जताई है। इसके बाद राज्य के पश्चिमी जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इस बीच एक कमजोर विक्षोभ के प्रभाव से जयपुर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। वहीं महीने के आखिरी में एक और हल्के विक्षोभ का आंशिक प्रभाव रह सकता है।

000